भारतीय दूतावास
एथेंस

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिंदी दिवस**-2026** का आयोजन**:**

एथेंस स्थित भारतीय दूतावास द्वारा 18 सितंबर 2026 **को** राजदूत आवास (India House) पर अत्यंत उत्साह और सांस्कृतिक उमंग के साथ हिंदी दिवस मनाया गया।

2. इस विशेष समारोह में भारतीय प्रवासियों, ग्रीक मित्रों, हिंदी प्रेमियों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा की समृद्ध साहित्यिक विरासत को बढ़ावा देना और भारत तथा ग्रीस के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना था।

3. माननीय राजदूत श्री रविशंकर जी ने हिंदी के महत्व को लेकर अपने विचार साझा किए तथा छात्रों, समुदाय के सदस्यों और ग्रीक मित्रों ने प्रसिद्ध हिंदी कविताएं पढ़ीं, भाषण दिए। हिंदी सीख रहे कई ग्रीक नागरिकों ने हिंदी गीतों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने भाषा कौशल का प्रदर्शन किया, जो ग्रीस में भारतीय संस्कृति के प्रति गहरे प्रेम को दर्शाता है।

4. समारोह के दौरान माननीय राजदूत महोदय ने, शिक्षाविद और भारतमित्र, प्रो. दिमित्रियोस वासिलियादिस, अध्यक्ष भारत-ग्रीस संस्कृति एवं विकास परिषद, को उनके विशिष्ट योगदान के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा दिया गया विशिष्ट सम्मान देकर सम्मानित किया।

5. कार्यक्रम का समापन पारंपरिक भारतीय जलपान और संवाद सत्र के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को भाषा और संस्कृति के इस उत्सव से गहराई से जोड़ा।

**एथेंस, 18 सितंबर 2026**

***************